19 अक्टूबर 2020

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

आप सभी को एसएमसी की ओर से
नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

smc
Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- भारत में सितंबर 2020 सोने का आयात सितम्बर 2019 की तुलना में 51.43% की गिरावट के साथ 4419 करोड़ रुपये का हुआ है।
- सितंबर 2020 में भारत का व्यापार घाटा 2.72 बिलियन डॉलर अनुमानित है, जो सितंबर 2019 में 11.67 बिलियन अमरीकी डॉलर के घाटे के मुकाबले 76.66% की गिरावट है।
- आईएमएफ ने 2020-21 में भारत की जीडीपी को कम करके 10.3% रहने का अनुमान लगाया है।
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने एडनॉक को अपने गोदाम में जमा किए गए तेल भंडार के 50% का व्यावसायिक उपयोग करने की अनुमति दे दी है। लचीलेपन की अनुमति से कंपनी को भारत के तीन में अधिक तेल का भंडारण करने के लिए बढ़ावा मिलेगा ।
- केंद्र ने कहा कि पिछले 18 दिनों में 4.80 लाख किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 10,500 करोड़ रुपये का 5.56 मिलियन टन खरीफ धान खरीदा गया है।
- कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 2019-20 में अपने कपास उत्पादन अनुमान को 360 लाख बेल(1 बेल 170 किलोग्राम का) कर लिया है, जबकि पिछला अनुमान 354.50 लाख बेल का है।
- सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार होटल और रेस्तरां की ओर से कमजोर मांग के कारण सितंबर में भारत में पॉम तेल का आयात 27% कम होकर तीन महीने में सबसे कम हुआ है। जबकि उच्च घरेलू मांग के कारण सोया तेल की खरीद में 28% की बढ़ोतरी हुई है।
- दुनिया के प्रमुख सोयाबीन आयातक चीन ने सितंबर में 9.79 मिलियन टन तिलहन की खरीद की है जो अगस्त के 9.6 मिलियन टन से 1.9% अधिक है।
- निकल माइन्स लिमिटेड इंडोनेशिया के पीटी एंजेल निकल इंडस्ट्री के 70% हिस्से को 490 मिलियन डॉलर में खरीदेगी, और दो साल के भीतर इसका निकल उत्पादन दोगुना कर देगी।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	09.10.20	15.10.20	बदलाव (%)
कॉटन	17,510.00	18,470.00	5.48%
कपास	979.50	1,026.50	4.80%
जौ	1,308.50	1,355.00	3.55%
मक्का	1,277.00	1,312.00	2.74%
सीसमसीड	8,815.00	9,045.00	2.61%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	09.10.20	15.10.20	बदलाव (%)
कॉटन	18610	19090	2.58%
निकल	1105.2	1130.5	2.29%
कच्चा तेल	2960	2994	1.15%
नेचुरल गैस	201.8	203.9	1.04%
इलायची	1550	1561.3	0.73%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	09.10.20	15.10.20	बदलाव (%)
कॉटनऑयलसीडकेक	1,879.00	1,803.00	-4.04%
बाजरा	1,452.00	1,405.00	-3.24%
चना	5,524.00	5,396.00	-2.32%
ग्वारगम	6,088.00	5,952.00	-2.23%
धनिया	6,708.00	6,616.00	-1.37%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	09.10.20	15.10.20	बदलाव (%)
चांदी	62884	61535	-2.15%
गिनी बुलडेक्स	15634	15525	-0.70%
जिंक	195.2	194.15	-0.54%
सीपीओ	788.2	784.2	-0.51%
सोना पेटल	5140	5119	-0.41%

साप्ताहिक समीक्षा

पिछला सप्ताह अनिश्चितता से भरा था और इस प्रकार सीआरबी इंडेक्स काफी कम दायरे में कारोबार करता रहा क्योंकि दिशा स्पष्ट नहीं थी। डॉलर इंडेक्स 93.435 के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जिसे कोरोनोवायरस के बढ़ते मामलों और अमेरिकी स्टीमुलस पैकेज पर प्रगति की उम्मीद कम होने से मदद मिल रही है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्टीवन मेनुचिन ने कहा है कि अगले महीने के चुनाव से पहले राजकोषीय स्टीमुलस पर समझौता करना मुश्किल होगा, जिससे वैश्विक इक्विटी बाजारों पर दबाव पड़ा। एक तत्काल अमेरिकी आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज की लुप्त होती उम्मीदों और डॉलर में रिकवरी से सोने की कीमतों में गिरावट जारी है। सोने और चांदी दोनों की कीमतें गिरावट के साथ बंद हुई। सोना और चांदी की कीमतें क्रमश: 50700 और 61500 के पास बंद हुई। अमेरिकी स्टीमुलस पर भारी अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने बेस मेटल में आक्रामक पोजिशन लेने से परहेज किया। चीन में रिकवरी भी कीमतों पर बहुत अधिक सकारात्मक प्रभाव नहीं डाल सकी है क्योंकि अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं कोविड के मामलों की बढ़ती संख्या से जूझ रही है। फिर भी, इस साल सितंबर में चीन के आयात में सबसे तेज गति से वृद्धि हुई, जबकि निर्यात में भी जोरदार बढ़त दर्ज की गई है क्योंकि कुछ अन्य व्यापार भागीदारों द्वारा कोरोनोवायरस को लेकर प्रतिबंध हटा लिए जाने से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिला। चीन की कंपनियां कम विनिर्माण क्षमता के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से बाजार हिस्सेदारी हड़पने के लिए दौड़ रही हैं। सितंबर में चीन के आयात में 13.2% की वृद्धि हुई, जो 0.3% की वृद्धि के अनुमान की तुलना में काफी अधिक है जबकि अगस्त में 2.1% की गिरावट से वृद्धि हुई थी । सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार चीन ने सितंबर में अधिक सोयाबीन, अनाज, अर्धचालक, तांबा और इस्पात उत्पाद की खरीददारी की। कम आपूर्ति मुद्दों के डर से निकल की कीमतों में निचले स्तरों से कुछ उछाल दर्ज की गई। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद एल्युमीनियम की कीमतों में गिरावट हुई है। पिछले कुछ महीनों से यह एक शुद्ध आयातक होने के बावजूद, चीन अभी भी एल्युमीनियम डाउनस्ट्रीम उत्पादों का एक बड़ा निर्यातक है। चीन के निर्यात ने अन्य बड़े बाजारों को चीनी एल्युमीनियम के आयात पर प्रतिबंध लगाने को विवश किया। पूरे यूरोप में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ोतरी के कारण ईंधन की मांग बाधित होने के बावजूद तेल की कीमतों में बढ़ोतरी है। ओपेक + गठबंधन को उम्मीद है कि वह जनवरी से योजनाबद्ध रूप से उत्पादन में कटौती को धीरे-धीरे कम करने में सक्षम होगा। ओपेक और रूस के नेतृत्व में उसके सहयोगियों ने अप्रैल में सहमति व्यक्त की थी कि कोरोनोवायरस के प्रकोप, जिससे कीमतें लुढ़क गई थी, के कारण मांग में कमी के कारण उनके संयुक्त तेल उत्पादन को 9.7 मिलियन बैरल प्रति दिन कम करना पड़ा था । सामान्य मौसम की तुलना में अधिक ठंडा होने के कारण अमेरिका के मध्य-पश्चिम में अगले 2-सप्ताह तक हीटिंग की बढ़ती मांग के पूर्वानुमान से नेचुरल गैस की कीमतों को मदद मिली । स्टेनलेस स्टील उद्योग कुल निकल उत्पादन का 74% उपभोग करते हैं, जबकि केवल 5-8% ही बैटरी के लिए इस्तेमाल हो रहा है। ।

कृषि कमोडिटीज में, चना वायदा की कीमतों में बढ़ोतरी से कई लोगों की नजर नॉफेड पर पड़ी जिसने चल रहे त्यौहारों के बीच खुले बाजार में निलामी को रोक दिया है। चीन द्वारा सोयाबीन के आक्रामक आयात के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के रूझान पर तिलहन और खाद्य तेल की नयी खरीदारी देखी गई।

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	08.10.20	15.10.20	(%)
जौ	जयपुर	1379.30	1390.70	0.83
धनिया	कोटा	5403.75	5319.00	-1.57
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	6658.60	6702.75	0.66
गुड़	मुजफ्फरपुर	776.30	800.40	3.10
ग्वारसीड	जोधपुर	1178.90	1239.85	5.17
ग्वारगम	जोधपुर	4055.55	4450.00	9.73
जीरा	ऊंझा	6266.65	9000.00	43.62
सरसों	जयपुर	13557.90	13750.00	1.42
काली मिर्च मलाबार गार्बल्ड	कोच्ची	5573.45	5659.40	1.54
कच्चा जूट	कोलकाता	34000.00	34200.00	0.59
सोयाबीन	इंदौर	3960.00	4145.00	4.67
हल्दी	निजामाबाद	5525.00	5525.00	0.00
गेहूं	दिल्ली	1768.00	1771.40	0.19
कॉटन	कड़ी	17664.50	18644.55	5.55
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	1920.00	1923.95	0.21

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	09.10.20	15.10.20	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	1786.00	1836.00	2.80
तांबा	LME	नकद	6611.50	6702.00	1.37
लेड	LME	नकद	1779.00	1771.50	-0.42
निकल	LME	नकद	14687.00	15105.00	2.85
जिंक	LME	नकद	2356.00	2398.00	1.78
सोना	COMEX	दिसम्बर	1895.10	1909.40	0.75
चांदी	COMEX	दिसम्बर	23.87	24.22	1.48
लाइट क्रूड	NYMEX	नवम्बर	41.19	40.96	-0.56
नेचुरल गैस	NYMEX	नवम्बर	2.63	2.78	5.63

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	09.10.20	15.10.20	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	नवम्बर	10.50	10.62	1.14
सोया तेल	CBOT	दिसम्बर	33.00	33.17	0.52
सीपीओ	BMD	दिसम्बर	2888.00	2918.00	1.04
कॉटन	ICE	दिसम्बर	67.49	69.22	2.56

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	08.10.20 क्वांटिटी	15.10.20 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	6395	6728	333
कैस्टर सीड	मी.टन	18049	17991	-58
चना	मी.टन	39262	40271	1009
धनिया	मी.टन	3282	3292	10
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	5165	5035	-130
ग्वारगम	मी.टन	5784	6973	1189
ग्वारसीड	मी.टन	9440	10114	674
जीरा	मी.टन	1380	1704	324
मक्का खरीफ	मी.टन	59	59	0
आर एम सीड	मी.टन	17996	17932	-64
सोयाबीन	मी.टन	3982	10573	6591
हल्दी	मी.टन	790	820	30

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	07.10.20 क्वांटिटी	15.10.20 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	180.07	131.41	-48.65
तांबा	मी.टन	1105.92	1245.04	139.13
सोना	किग्रा	449.00	449.00	0.00
सोना मिनी	किग्रा	226.40	191.40	-35.00
सोना गिनी	किग्रा	5.61	5.61	0.00
लेड	किग्रा	910.05	514.45	-395.60
मेंथा ऑयल	किग्रा	149045.70	124207.90	-24837.80
निकल	किग्रा	716.93	647.39	-69.54
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	383436.58	378529.61	-4906.97
जिंक	मी.टन	603.39	14.86	-588.53

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 08.10.20	स्टॉक की स्थिति 15.10.20	अंतर
एल्युमीनियम	1428475	1412125	-16350
तांबा	155400	169925	14525
निकल	236058	237156	1098
लेड	134500	131150	-3350
जिंक	218400	218000	-400

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	सोयाबीन	नवम्बर	4117.00	06.08.20	तेजी	3772.00	3970.00	-	3950.00
NCDEX	जीरा	नवम्बर	13810.00	15.10.19	मंदी	16460.00	-	14270.00	14300.00
NCDEX	रिफाइंड सोया तेल	नवम्बर	929.90	02.06.20	तेजी	797.00	903.00	-	900.00
NCDEX	आरएमसीड	नवम्बर	5538.00	19.05.20	तेजी	4232.00	5420.00	-	5400.00
NCDEX	चना	नवम्बर	5426.00	06.08.20	तेजी	4200.00	5270.00	-	5250.00
NCDEX	ग्वारसीड	नवम्बर	4050.00	27.01.20	तेजी	3450.00	3875.00	-	3850.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	दिसम्बर	1803.00	01.09.20	मंदी	1870.00	-	1885.00	1900.00
MCX	सीपीओ	नवम्बर	784.20	02.06.20	तेजी	647.20	762.00	-	760.00
MCX	मेंथा ऑयल	नवम्बर	943.20	14.07.20	मंदी	988.00	-	972.00	975.00
MCX	बुलडेक्स	अक्टूबर	15525.00	30.09.20	साइडवेज	15300.00	15200.00	15800.00	-
MCX	**चांदी**	**दिसम्बर**	**61535.00**	**14.10.20**	**तेजी**	**60600.00**	**59300.00**	**-**	**59000.00**
MCX	सोना	दिसम्बर	50712.00	28.09.20	तेजी	50100.00	50100.00	-	50000.00
MCX	तांबा	अक्टूबर	530.70	29.09.20	तेजी	515.00	512.00	-	510.00
MCX	लेड	अक्टूबर	148.60	21.09.20	मंदी	152.00	-	155.00	156.00
MCX	**जिंक**	**अक्टूबर**	**194.15**	**14.10.20**	**तेजी**	**190.00**	**181.00**	**-**	**180.00**
MCX	**निकल**	**अक्टूबर**	**1130.50**	**14.10.20**	**तेजी**	**1120.00**	**1095.00**	**-**	**1090.00**
MCX	**एल्युमिनियम**	**अक्टूबर**	**150.40**	**14.10.20**	**तेजी**	**147.00**	**141.00**	**-**	**140.00**
MCX	**कच्चा तेल**	**नवम्बर**	**3022.00**	**14.10.20**	**साइडवेज**	**2952.00**	**2790.00**	**3075.00**	**-**
MCX	नेचुरल गैस	अक्टूबर	203.90	23.09.20	तेजी	186.00	179.00	-	178.00

*15.10.2020 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।

2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

निकल (अक्टूबर) एमसीएक्स

निकल (अक्टूबर) एमसीएक्स

एमसीएक्स में निकल (अक्टूबर) कॉन्ट्रैक्ट 15 अक्टूबर 2020 को 1130.50 रू पर बंद हुआ। 02 सितम्बर 2020 को कॉन्ट्रैक्ट 1165.30 रू के उच्च स्तर पर था। 01 अक्टूबर 2020 को 1035.10 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्य 64.35 है। 1098.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 1180.00 रू के टारगेट के लिए 1125.00-1130.00 रू के दायरे में खरीददारी की जा सकती है।

कच्चा तेल (अक्टूबर) एमसीएक्स

कच्चा तेल (अक्टूबर) एमसीएक्स

एमसीएक्स में कच्चा तेल (अक्टूबर) कॉन्ट्रैक्ट 15 अक्टूबर 2020 को 2994.00 रू पर बंद हुआ। 25 अगस्त 2020 को कॉन्ट्रैक्ट 3320.00 रू के उच्च स्तर पर था और 08 सितम्बर 2020 को 2718.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 50.238 है। 2910.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 3300.00 रू के टारगेट के लिए 3040.00 रू से ऊपर खरीददारी की जा सकती है।

ग्वारगम (नवम्बर) एनसीडीईएक्स

ग्वारगम (नवम्बर) एनसीडीईएक्स

एनसीडीईएक्स में ग्वारगम (नवम्बर) कॉन्ट्रैक्ट 15 अक्टूबर 2020 को 6071.00 रू पर बंद हुआ। 28 अगस्त 2020 को कॉन्ट्रैक्ट 6800.00 रू के उच्च स्तर पर था। 15 अक्टूबर 2020 को 5824.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 39.30 है। 6005.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 6500.00 रू के टारगेट के लिए 6170.00 रू से ऊपर खरीददारी की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

तिलहन एवं खाद्य तेल

धीमी आवक के कारण सोयाबीन वायदा (नवम्बर) की कीमतों में तेजी का रूझान रहने की संभावना है और कीमतें 3900 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 4250-4375 रू के स्तर पर पहुंच सकती है। महाराष्ट्र और दक्षिणी राज्यों-आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के प्रमुख क्षेत्रों में औसत से अधिक वर्षा के कारण फसल की कटाई प्रभावित हुई है। अगले कुछ दिनों तक आवक धीमी रहेगी। इस बीच, जब विशेषज्ञ सोयाबीन की वैश्विक कीमतों के बारे में चिंतित हैं, इंदौर स्थित सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 2020 के खरीफ के दौरान घरेलू उत्पादन में 12.34 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। सीबोट में सोयाबीन वायदा की कीमतें सावधानी से बढ़त दर्ज कर रही है क्योंकि दक्षिण अमेरिकी वर्षा और फसल के दबाव की भरपायी चीन का अधिक बिक्री होने से कीमतों को मदद मिल रही है। सोयाबीन उत्पादक क्षेत्रों में बारिश के साथ ब्राजील में सोयाबीन की बुआई रफ्तार बढ़ रही है। मोटो ग्रासो क्षेत्र में सोयाबीन की बुआई 5 साल के औसत 12% की तुलना में 3.4% हुई है। सरसों वायदा (नवम्बर) की कीमतें 5300-5700 के दायरे में स्थिर रह सकती है। प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों से कम आवक और मिलों की मजबूत मांग के कारण कीमतों को समर्थन मिल सकता है। लेकिन उत्पादन क्षेत्र में तेज वृद्धि की संभावना से काउंटर पर दबाव रह सकता है। सरकार के पास 2020-21 (जुलाई-जून) के दौरान रबी की बुआई के लिए अच्छी गुणवत्ता के पर्याप्त सरसों के पर्याप्त बीज हैं। इसमें 25,100 टन की आवश्यकता के मुकाबले 26,700 टन प्रमाणित बीजों का कुल भंडार है। सोया तेल वायदा (नवम्बर) की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने और 955-960 रू के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है, जबकि सीपीओ वायदा (अक्टूबर) की कीमतें 805-810 रू तक बढ़त दर्ज कर सकती हैं। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार होटल और रेस्तरां की ओर से कमजोर मांग के कारण सितंबर में भारत में पॉम तेल का आयात 27% कम होकर तीन महीने में सबसे कम हुआ है। जबकि उच्च घरेलू मांग के कारण सोया तेल की खरीद में 28% की बढ़ोतरी हुई है।

मसाले

हल्दी वायदा (नवम्बर) की कीमतों के 5700-6050 के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है। कुछ स्थानीय खरीद और बेहतर निर्यात मांग के बीच भारत की प्रमुख मंडियों में हल्दी की हाजिर कीमतों में स्थिरता है। लेकिन अधिकांश मंडियों में आवक बढ़ गई है। इरोड में हल्दी व्यापारी अभी भी अधिक मांग के लिए इंतजार कर रहे हैं। उन्हें हल्दी पाउडर पीसने वाली इकाइयों और मसाला फर्मों की ओर से मध्यम स्थानीय मांग मिल रही है जिन्होंने हल्दी की अच्छी मात्रा में खरीददारी की है। कुछ खरीदार अपनी लंबित मांगों को पूरा करने के लिए खरीद रहे हैं। कारोबारियों ने कहा है कि कुछ हल्दी निर्यातक एक या दो किसानों और अन्य राज्यों से भी अच्छी गुणवत्ता की हल्दी खरीद रहे हैं। श्रीलंका को कोई हल्दी निर्यात नहीं की जा रही है, क्योंकि श्रीलंका सरकार ने अपने देश में हल्दी की खेती विकसित करने के लिए आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। लेकिन हल्दी का निर्यात दूसरे देशों में जारी है। त्योहारी मांग के साथ-साथ विदेशों से निर्यात के लिए खरीद के कारण जीरा वायदा (नवम्बर) की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ 13750-14200 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। भारत में इस सप्ताह कोविड-19 मामलों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे होटल और रेस्तरां में सभी खाद्य वस्तुओं के लिए मांग को बढ़ावा मिलेगा। धनिया वायदा (नवम्बर) की कीमतों के 6650-6850 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। हाजिर बाजारों में त्योहारी मांग के कारण धनिया की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी हुई है क्योंकि मसाला निर्माता ताबड़तोड़ खरीदारी में लगे हुए हैं । मसाला निर्माताओं के साथ खरीदार वास्तव में खरीददारी करने के बयाज बड़े ऑर्डर की पूछताछ कर रहे हैं। जयपुर मंडी में, फाइन ग्रेड की साफ बादामी धनिया की कीमत 6700-6900 रुपये प्रति क्विंटल के दायरे में है जबकि ईगल किस्म की कीमत 7150-7600 रुपये के दायरे कारोबार कर रही है और पैरट किस्म की कीमत 8400-8600 रुपये प्रति क्विंटल है।

अन्य कमोडिटीज

कॉटन वायदा (अक्टूबर) की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ 18800-19800 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। सरकारी एजेंसियों के अनुसार भारत से कपास का निर्यात इस साल 20%-30% बढ़ने की संभावना से कीमतों को मदद मिल सकती है क्योंकि वैश्विक मांग बढ़ रही है, विशेष रूप से चीन, बांग्लादेश, वियतनाम और इंडोनेशिया से। घरेलू मांग में भी सुधार हुआ है, जिसमें अधिकांश कताई मिलें 95% की क्षमता पर चल रही हैं। पिछले हफ्ते, भारतीय कपास की कीमत अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क दर 46,287 रुपये प्रति कैंडी से 15% कम थी। लेकिन यूरोप के कोविड -19 की दूसरी लहर का सामना करने और एक दूसरे शटडाउन की खबरों के भय को देखते हुए कीमतों में कमी हो सकती है। इस बीच, कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 2019-20 में अपने कपास उत्पादन अनुमान को 360 लाख बेल(1 बेल 170 किलोग्राम का) कर लिया है, जबकि पिछला अनुमान 354.50 लाख बेल का है। चना वायदा (नवंबर) की कीमतें पिछले कुछ सत्र से भारी अस्थिरता के साथ कारोबार कर रही है और 5300-5550 के दायरे में कारोबार करना जारी रख सकती है। नॉफेड द्वारा अगली सूचना तक सभी चना नीलामियों को निलंबित कर दिए जाने से कीमतों को मदद मिल सकती है। विदेशों से सफेद मटर की नगण्य सप्लाई से भी संभवत: चना की कीमतों को मदद मिल सकती है। बुवाई के लिए बीज की मांग बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि रबी की बुवाई जल्द शुरू होगी। ग्वार सीड वायदा (नवंबर) की कीमतों के 3950 के पास सपोर्ट के साथ 4200 के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। जबकि, ग्वारगम वायदा (नवंबर) की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 6100-6350 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। स्टाकिस्ट और मिलो ने बेहतर गुणवत्ता और कम नमी होने के कारण नयी ग्वारसीड की आक्रामक खरीद शुरू कर दी है। ग्वारसीड की कीमतों में 174 रुपये प्रति क्विंटल तेजी देखी गई है जबकि ग्वारगम की कीमतों में 100 रू प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है।

सर्राफा

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले अतिरिक्त राजकोषीय प्रोत्साहन के संभव नही होने से डॉलर के मजबूत होने के कारण सर्राफा की कीमतों में तीन हफ्ते में पहली साप्ताहिक गिरावट हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह कांग्रेस में डेमोक्रेट नेताओं के साथ कोविड-19 राहत सौदे के लिए 1.8 ट्रिलियन डॉलर के अपने प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए तैयार थे, लेकिन इस विचार को उनके रिपब्लिकन साथी मैक्रों मैककोनेल ने खारिज कर दिया। विश्व स्तर पर कोरोनोवायरस के मामलों में बढ़ोतरी और अमेरिकी प्रोत्साहन विधेयक पर कोई प्रगति नही होने के कारण डॉलर, जिसे एक सुरक्षित आश्रय भी माना जाता है, ने तीन तीन हफ्ते में पहली साप्ताहिक बढ़त दर्ज की है। कोविड-19 महामारी ने वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व धन खर्च करने और कम ब्याज दरों के लिए प्रेरित किया है, जिससे मुद्रास्फीति और मुद्रा दुर्बलता के खिलाफ एक बचाव के रूप मांग बढ़ने से सोने की कीमतें एक दशक में अपने सबसे अधिक वार्षिक बढ़त की ओर अग्रसर है । चांदी की कीमतों में इस चिंता में गिरावट हुई कि यूरोप के सबसे बड़े शहरों में फिर से तालाबंदी के उपायों के बाद औद्योगिक धातुओं की मांग में गिरावट आएगी। जैसे-जैसे चुनाव करीब आते हैं और अगर यह अधिक स्पष्ट हो जाता है कि डेमोक्रेट जीत सकते हैं, तो सोने की कीमतों में वृद्धि देखी जा सकती है क्योंकि उनका नियोजित खर्च काफी अधिक है, लेकिन फिलहाल बाजार में अधिक स्पष्टता का इंतजार है। यूरोपीय संघ के नेताओं के दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में चल रही ब्रेक्सिट वार्ता के घटनाक्रम पर कारोबारियों की पैनी नजर है। महामारी से ग्रस्त अर्थव्यवस्थाओं को मंदी से उबारने के लिए बड़े पैमाने पर वैश्विक प्रोत्साहन के कारण सोने की कीमतें इस वर्ष 25% बढ़ गई है। इस हफ्ते सोने की कीमतें 48200-52600 के दायरे में और चांदी की कीमतें 56200-66100 के दायरे में कारोबार कर सकती है जबकि कोमेक्स में सोने की कीमतें 1860-1950 डॉलर के दायरे में और चांदी की कीमतें 20.20-26.10 डॉलर के दायरे में कारोबार कर सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

कच्चे तेल की कीमतें 2850-3020 के कम दायरे में फंसी हुई हैं, लेकिन पिछले कुछ कारोबारी सत्रों में रिकवरी देखी गई है। लेकिन कोविड-19 संक्रमण में फिर से वृद्धि ने आर्थिक विकास के बाधित रहने और ईंधन की मांग में कमी की संभावना को बढ़ा दिया। यूरोप में, कुछ देश कोरोनोवायरस मामलों में वृद्धि पर रोक लगाने के लिए कर्फ्यू और लॉकडाउन लगाने पर विचार कर रहे है। ब्रिटेन ने लंदन में कड़े प्रतिबंध लगाए है। ईआईए के अनुसार अमेरिकी कच्चे के भंडार में तेज गिरावट हुई है, क्योंकि तूफान डेल्टा के कारण अपतटीय तेल उत्पादन बंद था, जबकि डिस्टिलेट भंडार में 2003 के बाद से सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की है क्योंकि रिफाइनरियां बंद थी। पिछले चार हफ्तों में, रिफाइनरियों ने एक साल पहले की तुलना में 7.5% कम उत्पाद की आपूर्ति की है, और कई राज्यों में कोरोनोवायरस संक्रमण में वृद्धि को देखते हुए, ईंधन की मांग कमजोर रह सकती है। ओपेक और उसके सहयोगी देशों ने 7.7 मिलियन बैरल/दिन की मौजूदा कटौती की तुलना में जनवरी से 2 मिलियन बैरल प्रति दिन कम कटौती करेंगे। पेट्रोलियम निर्यातक देशों (ओपेक) और संबद्ध तेल उत्पादकों के संगठन की एक तकनीकी समिति ने कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए सामाजिक प्रतिबंध के कारण तेल की कम होती मांग को लेकर चिंता व्यक्त की और अपने वैश्विक तेल उत्पादन में कटौती के अनुपालन की समीक्षा की। ओपेक के महासचिव ने कहा कि माँग अपेक्षा से अधिक धीरे-धीरे ठीक हो रही है और ओपेक+ यह सुनिश्चित करेगा कि तेल की कीमतें नवंबर के अंत में फिर से कम न हों। इस सप्ताह कच्चे तेल की कीमतें 2740-3280 के दायरे में काफी अस्थिरता के साथ कारोबार कर सकती है, जहां रेजिस्टेंस के पास बिक्री का दबाव देखा जा सकता है। अमेरिकी नेचुरल गैस की कीमतें पिछले सप्ताह 11 से अधिक महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। सर्दियों में अनुमान से अधिक ठंड के बाद हीटिंग में इस्तेमाल होने वाले ईंधन की मांग की संभावना से कीमतों को मदद मिल रही है। इस सप्ताह नेचुरल गैस की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 180-230 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

बेस मेटल

दुनिया भर में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता के साथ ही अमेरिकी चुनाव को लेकर अनिश्चितता और अमेरिकी कोरोनोवायरस राहत पैकेज पर प्रगति की कमी के कारण वैश्विक विकास के बाधित होने और मांग कम होने से बेस मेटल की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ कारोबार करने की संभावना हैं। लेकिन प्रमुख उपभोक्ता चीन की ओर से मजबूत मांग की उम्मीद और आपूर्ति बाधित होने के जोखिम के कारण कीमतों को मदद मिल सकती है। तांबें की कीमतों को 540 रू के स्तर पर रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। प्रमुख उत्पादक चिली में एक खदान में श्रमिकों के हड़ताल के कारण कीमतों को मदद मिल सकती है। चिली के एस्कॉन्डीडा खदान के पर्यवेक्षकों ने कहा कि वे दुनिया के सबसे बड़े तांबा भंडार पर हड़ताल के बीच खदान संचालक बीएचपी से एक नए श्रम अनुबंध प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहे है। चिली की सरकारी तांबा खनन कंपनी कोडेल्को ने कहा कि यह पूरी क्षमता से उत्पादन कर रही है और इसका लक्ष्य 2020 के उत्पादन लक्ष्य को पूरा करना है। यूरोप की सबसे बड़ी तांबा स्मेल्टर ऑर्बिस, अपने ग्राहकों को एलएमई की कीमतों से ऊपर 96 डॉलर प्रति टन का प्रीमियम देगी। जिंक की कीमतें 185-205 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है जबकि लेड की कीमतें 144-152 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। निकल की कीमतें 1080 के पास सपोर्ट के साथ 1160 के स्तर पर पहुंच सकती है। निकल माइन्स लिमिटेड इंडोनेशिया के पीटी एंजेल निकल इंडस्ट्री के 70% हिस्से को 490 मिलियन डॉलर में खरीदेगी, और दो साल के भीतर इसका निकल उत्पादन दोगुना कर देगी। एल्युमीनियम की कीमतें 146-154 रू के दायरे कारोबार कर सकती है। एल्युमिनियम निर्माता कूकी हाइड्रो दो नए डिवीजनों की स्थापना कर रहा है, जिन्हें रिन्यूवेबल ग्रोथ और बैटरियों कहा जाता है क्योंकि इसका फोकस निरंतरता पर है। यूरोपीय संघ चीन से एल्युमीनियम एक्सट्रूजन के आयात पर अंतरिम रूप से 30.4% से 48% सीमा शुल्क लगा दिया है, जिसें चीनी उत्पादक गलत तरीके से कम कीमतों पर बेच रहे हैं।

वैश्विक ऑटो बिक्री.....बेस मेटल का संबल

मोटर वाहन क्षेत्र के लिए ऑटो की बिक्री सबसे महत्वपूर्ण इंडिकेटर है। अधिक ऑटो बिक्री से वाहन निर्माताओं की बिक्री और आय में वृद्धि होती है, जो तब ऑटो पुर्जा निर्माताओं को अधिक से अधिक ऑर्डर देते हैं। 20 वीं शताब्दी के अधिकांश समय में ऑटो की बिक्री लगातार बढ़ी।

मोटर वाहन क्षेत्र एक चक्रीय व्यवसाय है, इसलिए आर्थिक गतिविधियों के बेहतर होने पर मोटर वाहन क्षेत्र में बिक्री अधिक होती है और लोग अपने भविष्य की आर्थिक संभावनाओं के बारे में आश्वस्त महसूस करते हैं। इस माहौल में, अधिक लोगों द्वारा ऑटोमोबाइल जैसी चीजों की अधिक खरीदारी करने की संभावना होती है। मोटर वाहन की बिक्री बेस मेटल की मांग के मुख्य कारणों में से एक है क्योंकि इसका उपयोग कार निर्माण में किया जाता है। ऑटोमोबाइल बिक्री के बेहतर आंकड़ें बेस मेटल की मांग में वृद्धि का संकेत देते है।

वैश्विक स्तर पर ऑटो बिक्री

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अनुसार कोविड-19 महामारी के कारण उत्पादन और बिक्री के बाधित होने से इस वर्ष वैश्विक हल्के वाहनों की बिक्री में 2019 की तुलना में 20% की गिरावट की उम्मीद है। चीन में कारों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में ऑटोमोबाइल बाजार एक चमकदार जगह बन गया है जबकि कोरोनवायरस वायरस महामारी के कारण यूरोप और अमेरिका में बिक्री बाधित हो रही है।

अमेरिका: ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस एनालिसिस के अनुसार, कारों की तुलना में एसयूवी और ट्रकों की बिक्री बेहतर होने के बावजूद अमेरिकी ऑटो की बिक्री वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही में 9% से अधिक गिर गई। लेकिन दूसरी तिमाही में 33.3% की गिरावट की तुलना में बिक्री में बढ़ोतरी हुई है।

चीन: सितंबर में चीन में ऑटोमोबाइल की बिक्री पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 12.8% बढ़ी, जो लगातार छठे महीने में बढ़त के साथ दुनिया का सबसे बड़ा वाहन बाजार कोरोनोवायरस लॉकडाउन के दौरान के निचले स्तर से उबर गया है। चीन एसोसिएशन ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सीएएएम) के अनुसार पिछले महीने 2.57 मिलियन वाहनों की बिक्री हुई है। सीएएएम ने कहा कि साल के पहले नौ महीनों में बिक्री 6.9% कम होकर 17.12 मिलियन हुई है।

यूरोप: यूरोपीय ऑटोमोबाइल मैनुफैक्चरर एसोसिएशन के अनुसार यूरोपीय संघ (ईयू) में अगस्त में नई कार और एसयूवी की बिक्री पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 18.9% कम हुई है, जिससे 2020 के पहले 8 महीनों के लिए गिरावट 32% या 6.1 मिलियन हो गई है।

जापान: वित्त वर्ष की पहली छमाही में जापान में ऑटो बिक्री पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 22.6 प्रतिशत घटकर 2.02 मिलियन वाहन रह गई, जो नौ साल में सबसे तेज गिरावट है जो कोरोनवायरस वायरस महामारी से प्रभावित होने के कारण हुई है।

भारत: ऑटोमोटिव डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) द्वारा जारी किए गए मासिक वाहन पंजीकरण डेटा के अनुसार, सितंबर 2020 में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री 11.66 प्रतिशत रही है। ऑटोमोटिव उद्योग ने सितंबर में कुल 13,44,866 गाड़ियाँ बेचीं, जो साल-दर-साल 10.24 प्रतिशत कम है, लेकिन अगस्त 2020 की बिक्री की तुलना में 11.66 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारत में त्योहारों के मौसम में ऑटो बिक्री में तेज वृद्धि की संभावना

अक्टूबर और नवंबर में नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दिवाली के बहुप्रतीक्षित त्योहार मनाए जाते हैं। केंद्र सरकार द्वारा अधिक लॉकडाउन की घोषणा नहीं किए जाने के कारण एफएडीए देश में ऑटोमोबाइल बिक्री के लिए इन दो महीनों के दौरान अधिक वृद्धि होने का अनुमान लगाया है।

इसके अलावा, 2 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए मोराटोरियम अवधि के दौरान ब्याज पर छूट देने के लिए सरकार का विचार ग्राहकों के सेंटीमेंट को बेहतर बनाने में मदद करेगा, इस प्रकार उन्हें उत्सव के दौरान वाहन खरीद के निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

एसएमसी रिसर्च डेस्क

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।